# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की द्वितीय बैठक की कार्यवृत्त

## रविवार, 24 दिसंबर 2023

### 4 बी, डकबैक हाउस, 41, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2023-2025 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की द्वितीय बैठक रविवार, 24 दिसंबर 2023 को सम्मेलन केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्यों, विशेष आमंत्रितों एवं समाजजनों की उपस्थिति रही:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री नंदलाल रूंगटा | पद्म श्री प्रह्लाद राय अगरवाला | श्री संतोष सराफ |
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री राज कुमार केडिया | श्री मधुसूदन सीकरिया | श्री कैलाशपति तोदी |
| श्री संजय गोयनका | श्री महेश जालान | श्री केदार नाथ गुप्ता | श्री भानीराम सुरेका |
| श्री पवन कुमार गोयनका | श्री रतन लाल शाह | श्री संजय हरलालका | श्री आत्माराम सोंथलिया |
| श्री कैलाश चंद काबरा | श्री लक्ष्मीपत भूतोडिया | श्री विजय कुमार सकलेचा | श्री नंदकिशोर अग्रवाल |
| श्री कमलेश कुमार नाहटा | श्री राजेंद्र खंडेलवाल | श्री रमेश कुमार बूबना | श्री शिव रतन फोगला |
| श्री रघुनाथ झुनझुनवाला | श्री पवन बंसल | श्री नरेंद्र कुमार तुलस्यान | श्री अरुण चूड़ीवाल |
| श्री सुशील पोद्दार | श्री नन्दलाल सिघानिया | श्री प्रदीप जीवराजका | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल |
| श्री गोपाल अग्रवाल | श्री सज्जन शर्मा | श्री शरद सरावगी | श्री रमेश कुमार बजाज |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री निर्मल कुमार काबरा | श्री पवन टिबरेवाल | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री विजय कुमार गोयल |
| श्री मन्ना लाल बैद | श्री बिश्वनाथ भुवालका | श्री बसंत मित्तल | श्री रवि शंकर शर्मा |
| श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री ओम प्रकाश रिगसिया | श्री दीपक पारीक | श्री अशोक चौधरी |
| श्री राहुल चौधरी | | | |

**कार्यसूची 1. अध्यक्षीय संबोधन :**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए सम्मेलन की गतिविधियों पर संक्षेप में चर्चा की एवं संस्कार- संस्कृति चेतना पर कार्य करने के प्रकल्प पर चल रही तैयारी से सदस्यों को सूचित किया। आगे कहा कि हम 'राजस्थानी भाषा साहित्य सम्मान' एवं 'राजस्थानी भाषा बाल साहित्य सम्मान' की जल्द घोषणा कर उस कार्यक्रम को जल्द से जल्द आयोजित करेंगे। साथ ही प्रांतों से उन्होंने अपील की कि समाज-सुधार, रोजगार सहायता, व्यापार सहायता, मायड भाषा, संस्कार-संस्कृति चेतना के कार्यों को गति दें।

**कार्यसूची 2. राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की गत बैठक का कार्यवृत्त पारित किया गया :**

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में विचारार्थ विषय पर चर्चा करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (27 अगस्त 2023) पटना का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**कार्यसूची 3. विगत कार्यकलापों पर महामंत्री की संक्षिप्त रपट :**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद से अब तक के सम्मेलन की गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों पर '**महामंत्री की रपट**' प्रस्तुत की। श्री तोदी ने सूचित किया कि नए सत्र के लिए अखिल भारतीय समिति के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। चर्चा के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों से निवेदन किया कि सम्मेलन के सोशल मीडिया के फेसबुक और इन्स्टाग्राम पेज का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर लोगों से लाइक करवाएं।

**कार्यसूची 4. प्रांतों की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों की संक्षिप्त रपट :**

संगठन-विस्तार तथा प्रांतों की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार केडिया एवं श्री मधुसूदन सीकरिया ने अपनी संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री महेश जालान ने संगठन से संबंधित रपट प्रस्तुत की एवं सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एक 'सिग्नेचर परियोजना' संचालित करने का सुझाव दिया।

**कार्यसूची 5. प्रांतीय अध्यक्षों द्वारा प्रांतीय सम्मेलनों की संक्षिप्त रपट :**

उपस्थित पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश चंद काबरा ने कहा कि विशिष्ट संरक्षक सदस्यों की सदस्यता शुल्क में प्रांतों को भी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

पश्चिम बंग मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर अग्रवाल (पश्चिम बंग) ने UPSC कोचिंग सेंटर को लेकर अपने भविष्य की तैयारी से अवगत कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व को संपूर्ण भारत में समाज की अन्य संस्थाओं के साथ एक बैठक आहूत कर उन्हें सम्मेलन से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

मध्य प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय सकलेचा व दिल्ली प्रांतीय अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोडिया ने प्रांत के कार्यों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी।

**कार्यसूची 6. राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा :**

राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों पर उपस्थित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में विस्तृत चर्चा हुई एवं उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व को और अधिक समाजसेवा मूलक कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सूचित किया कि सभी प्रांतीय अध्यक्षों एवं महामंत्रियों को आवश्यक कार्यक्रम का सुझाव पत्र दिनांक 23 जून 2023 को प्रेषित किया गया था। उसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय उपाध्यक्षों को भी प्रांतों से समन्वय करके उन कार्यक्रमों को प्रांतों में कार्यान्वित करवाने के लिए अनुरोध किया गया था। इस विषय में प्रांतों को सजग होकर भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए।

**कार्यसूची 7. 89वें स्थापना दिवस के आयोजन पर विचार-विमर्श :**

25 दिसंबर 2023 को आयोजित सम्मेलन के 89वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को दी गई एवं सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करवाएं।

**कार्यसूची 8. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का मार्गदर्शन :**

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रूंगटा ने संगठन शक्ति, सामाजसेवा और समाज-सुधार से संबंधित अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आगे उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि "आपस में व्यक्तिगत स्तर पर हमें संपर्क जरूर रखना चाहिए, सहज संपर्क व्यवस्था किसी भी संस्था के लिए प्राण वायु का काम करती है।"

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि "मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में नई शाखाएं खोलने पर हमें जोर देने की आवश्यकता है। समाज में मद्यपान का चलन बहुत बढ़ रहा है, इसके प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है।"

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि "हमें अपने समाज के लोगों को मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की कोशिश करनी चाहिए। हमें समाज में अधिक जागरण लाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है।" आगे उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि "प्रांतों में काफी चेतना आई है, शाखा में चेतना आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।"

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया ने कहा कि "शादी-व्याह के कार्यकर्मों में जो काम महिलाओं द्वारा करवाया जा सकता है, उसे महिलाओं द्वारा करवाने हेतु हमें समाज में जन-जागरण लाने की जरूरत है। बढ़िया काम को और बढ़िया करने की संभावना हमेशा रहती है, इसी को ध्यान में रखकर हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए।"

**कार्यसूची 9. विविध–अध्यक्ष की अनुमति से :**

अध्यक्ष की अनुमति से विविध विषय पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री ने अखिल भारतीय महिला मारवाड़ी सम्मेलन पदाधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दे "महिलाओं को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सदस्य बनाए जाने एवं महिला शाखाएं खोलने के विरोध" को समिति सदस्यों के समक्ष रखा, जिस पर श्री नंदलाल रूंगटा ने सुझाव दिया कि हमें तीनों संगठनों के तत्कालीन एवं पूर्व पदाधिकारियों को लेकर एक बैठक आयोजित कर इस पर विचार-विमर्श करना चाहिए; जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया।

निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका ने कहा कि हमें नए और पुराने सभी सदस्यों के साथ सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।" श्री पवन कुमार गोयनका ने कहा कि "आत्मविश्लेषण करते रहने से हम अपने जड़ों से जुड़कर सही दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।"

पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री रतन लाल शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें एक ऐसे अभियान की शुरुआत करनी चाहिए, जिससे हमारी एक नई अलग पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बने।

निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने संगठन में सक्रियता लाने के लिए अपना सुझाव देते हुए कहा कि हमें 90वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम को बृहद रूप से दिल्ली में आयोजित करने के लिए प्रयास शुरु कर देना चाहिए।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल ने आग्रह किया कि झारखंड में एक राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रांतीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर विचार करना चाहिए। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री कमलेश नाहटा (मध्य प्रदेश) एवं कटनी शाखाध्यक्ष श्री शरद सरावगी ने मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि पहले हमें खुद पर अनुशासन करना है, फिर हम शासक हो सकते हैं।

सम्मेलन के प्रवीण कार्यकर्ता एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्य श्री गौरी शंकर अग्रवाल के स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

| | |
|---|---|
| शिव कुमार लोहिया | कैलाशपति तोदी |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री |